Bareilly Monday
27 February 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 16

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 6 MIDDLE

नाटक बड़े भाई साहब का मंचन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (26 Feb): एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को मुंशी प्रेमचंद लिखित नाटक 'बड़े भाई साहब' का मंचन हुआ. 'एसआरएमएस रिद्धिमा प्रोडक्शन' द्वारा प्रस्तुत नाटक का निर्देशन शैलेंद्र शर्मा ने किया. इसका मुख्य पात्र बड़े भाई साहब हैं, जो छोटे भाई से पांच साल बड़े हैं और छोटे भाई के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते है. दोनों भाई छात्रावास में रहते हैं, बड़े भाई खेलकूद के बजाय पढ़ाई पर ध्यान देते हैं और हर समय पढ़ते रहते हैं. इसलिए कि छोटा भाई उनका अनुसरण कर सके. अपने इस व्यवहार तथा उपदेशों से वो छोटे भाई को अनुशासन में रखने का प्रयास करते हैं, लेकिन छोटे भाई का मन पढ़ने में बिल्कुल नहीं लगता. वह खेलकूद में लगा रहता. कभी वह बड़े भाई से डांट खाकर पढ़ने का मन बनाता है और इसका टाइम टेबल बनाता है, इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, डॉ. रीटा शर्मा आदि लोग मौजूद रहे.